भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE | DELHI | 27 MARCH 2026

Modi to open Phase 1 of new Noida int'l airport tomorrow

₹11.2K-cr Jewar airport will be integrated with IGI

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, MARCH 26

Prime Minister Narendra Modi will inaugurate the newly constructed Noida International Airport at Jewar, envisioned as a major international gateway for the National Capital Region (NCR), on Saturday. The Noida airport has been developed as the second international airport for the Delhi-NCR region, complementing Delhi's Indira Gandhi International Airport.

THE INAUGURATION of Noida airport marks a significant milestone in India's journey towards becoming a global aviation hub

The Prime Minister's Office (PMO) said that Mr Modi will visit Uttar Pradesh on March 28. Before inaugurating Phase I of the new airport in Jewar around Saturday noon, Mr Modi will undertake a walk-through of the terminal building of Noida International Airport.

The inauguration of Noida airport marks a significant milestone in India's journey towards becoming a global aviation hub. "The airport, envisioned as a major international gateway for the NCR, represents a major step in strengthening the country's airport infrastructure and

Turn to Page 4

Modi to open Ph-1 of Noida int'l airport Sat.

Continued from Page 1

enhancing regional and international connectivity," the PMO said, adding that the Noida International Airport will complement the Indira Gandhi International Airport, and the two airports will function as an integrated aviation system, easing congestion, expanding passenger capacity, and positioning Delhi NCR among leading global aviation hubs.

The Noida International Airport is among the largest greenfield airport projects in the country and has been developed at a total investment of around ₹11,200 crores under a public–private partnership (PPP) model.

The airport will initially have a passenger handling capacity of 12 million passengers per annum (MPPA), with scalability up to 70 MPPA upon full development. It features a 3,900-metre runway capable of handling wide-body aircraft, along with modern navigation systems, including the instrument landing system and advanced airfield lighting to support efficient, all-weather, round-the-clock operations.

The airport also incorporates a robust cargo ecosystem, including a multi-modal cargo hub, featuring an integrated cargo terminal and logistics zones. The cargo facility is designed to handle over 2.5 lakh metric tonnes annually, expandable to around 18 lakh metric tonnes, and includes a dedicated 40-acre maintenance, repair and overhaul (MRO) facility.

Designed as a sustainable and future-ready infrastructure project, Noida International Airport aims to operate as a net-zero emissions facility, integrating energy-efficient systems and environmentally responsible practices. Its architectural design draws inspiration from Indian heritage, incorporating elements reminiscent of traditional ghats and havelis, thereby blending cultural aesthetics with modern infrastructure.

"Strategically located along the Yamuna Expressway, the Noida International Airport is planned as a multi-modal transport hub with seamless integration across road, rail, metro, and regional transit systems, ensuring efficient connectivity for passengers and cargo," the PMO added.

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का कल उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नवनिर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे। इस हवाईअड्डे को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के तौर पर देखा जा रहा है।

■ पीएम मोदी 28 मार्च को सुबह करीब 11:30 बजे जेवर में हवाईअड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग का जायजा लेंगे। दोपहर करीब 12 बजे वह हवाईअड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA | DELHI | 27 MARCH 2026

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का कल उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नवनिर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे। इस हवाईअड्डे को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के तौर पर देखा जा रहा है। पीएम मोदी 28 मार्च को सुबह करीब 11:30 बजे गौतम बुद्ध नगर के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग का जायजा लेंगे। इसके बाद, दोपहर करीब 12 बजे, वह नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह हवाईअड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं में से एक है। इसे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया गया है।



भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 27 MARCH 2026

यमुना और नोएडा एक्सप्रेसवे पर 16 घंटे भारी वाहनों की आवाजाही बंद

नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के मद्देनजर एडवाइजरी, कल सुबह 7 से रात 11 बजे तक रहेगी रोक

अमर उजाला नेटवर्क

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। शनिवार को नोएडा एक्सप्रेसवे के साथ यमुना एक्सप्रेसवे के साथ एयरपोर्ट के आसपास की सड़कों पर मालवाहक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक यह रोक लागू रहेगी।

इसके साथ ही एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में आने वाले लोगों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस ने लोगों से डायवर्जन का पालन करने की अपील की है। यातायात पुलिस के अफसरों ने बताया कि नोएडा एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट आने वाले लोगों को गलगोटिया कट से उतरना होगा।

वहां से एक्सपो मार्ट गोल चक्कर से यू-टर्न लेने के बाद एनएसजी गोल चक्कर से होकर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 60 मीटर रोड गलगोटिया यूनिवर्सिटी की तरफ भेजा जाएगा।

फलैदा कट से नगला कंचन तिराहा से बाएं टर्न लेकर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे से रनहेरा पुलिस चौकी पहुंचेंगे। वहां चौकी के सामने अस्थायी गेट से प्रवेश दिया जाएगा।

वहीं ग्रेनो वेस्ट और सूरजपुर की तरफ से परी चौक आने वाले वाहनों को पी-3 गोल चक्कर से हौंडा चौक भेजा जाएगा। हौंडा चौक से दाएं मुड़कर पुस्ता तिराहा से होकर वाहनों को गलगोटिया यूनिवर्सिटी की तरफ भेजा जाएगा। 60 मीटर रोड से होकर वाहन फलैदा कट नगला कंचन तिराहे से बाएं मुड़कर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे से पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश करेंगे।

अफसरों ने बताया कि दनकौर, रोनीजा, रबूपुरा की तरफ से आने वाले वाहन दनकौर रबूपुरा सर्विस मार्ग होकर फलैदा कट से बाएं तिरथली चौराहा पहुंचेंगे। दाएं मुड़कर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे से होकर नहर की पटरी पर पहुंचेंगे और फिर सिवारा की पुलिया से बाएं तरफ गेट से प्रवेश कर सकेंगे।

इन रास्तों से आ सकते हैं आसपास व अन्य जिलों के लोग

- मेरठ व गाजियाबाद से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल होकर सिरसा टोल से नीचे उतरकर सिरसा गोलचक्कर से डाढ़ा गोलचक्कर पहुंचेंगे। वहां से सुपरटेक गोलचक्कर से नट मढ़ैया गोलचक्कर से हौंडा सीएल चौक से होकर पुस्ता तिराहा (एटीएस) पहुंचेंगे। फिर वहां से बाएं टर्न लेकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी से सामने से डबल सर्विस रोड होकर फलैदा (खुपुरा) कट से नगला कंचन तिराहा पहुंचेंगे। वहां से बाएं टर्न कर दयानतपुर होकर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे रनेहरा पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश कर निर्धारित सामान्य पार्किंग पी-07 मेरठ और पी-6 गाजियाबाद पर पहुंच सकेंगे।
- मथुरा व अलीगढ़ से यमुना एक्सप्रेसवे होकर आने वाले वाहन जेवर टोल पार करने के बाद जेवर कट से उतरकर दाहिने मुड़कर सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट से प्रवेश कर एयरपोर्ट परिसर में निर्धारित सामान्य पार्किंग पर पहुंच सकेंगे।
- हापुड़, बुलंदशहर, गभाना, खुर्जा, जहांगीरपुर, बंकापुर की तरफ से आने वाले वाहन जेवर खुर्जा मार्ग पर ग्राम थोरा से पहले दाहिने मुड़कर पारोही गेट से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कर टाटा बोचिंग प्लांट के सामने दाएं तरफ निर्धारित सामान्य पार्किंग पहुंचेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से यह पहल की गई है।

वीआईपी, मीडिया व अफसरों को दो जगह से प्रवेश

एयरपोर्ट आने वाले वीवीआईपी, वीआईपी यमुना एक्सप्रेसवे से होकर एयरपोर्ट के इंटरचेंज पर उतरेंगे। पार्किंग से शटल सेवा से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा। वहीं मीडिया के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पार्किंग तक पहुंचेंगे। पुलिस व प्रशासनिक और अन्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी इसी गेट से प्रवेश करेंगे। वहीं प्रशासनिक बस दयानतपुर मार्ग से होकर एयरपोर्ट परिसर में निर्धारित पार्किंग तक जाएंगी।

मालवाहकों का डायवर्जन

जेवर टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ की तरफ से जेवर आने वाले कॉमर्शियल वाहनों को वापस टप्पल की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। जो टप्पल व पलवल होकर अपने गंतव्य की ओर ज सकेंगे। कस्बा खुर्जा से जेवर कस्बा की तरफ आने वाले कॉमर्शियल वाहनों को कस्बा खुर्जा से ही डायवर्ट किया जाएगा। आगरा से से आने वाले यातायात को जेवर टोल से पहले बने यू-टर्न से आगरा की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। नोएडा व ग्रेटर नोएडा से यमुना एक्सप्रेसवे का प्रयोग कर आगरा जाने वाले वाहन परी चौक से अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर होकर मेट्रो डिपो से गोलचक्कर से 130 मीटर रोड पर पहुंचकर सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल से होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद से ईस्टर्न पेरिफेरल से यमुना एक्सप्रेस-वे का प्रयोग कर आगरा, मथुरा, लखनऊ व अन्य जगह जाने के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल के बील अकबरपुर से उतरकर एनएच-91 का प्रयोग कर गन्तव्य को जा सकेंगे।

BUSINESS LINE DELHI 27 MARCH 2026

Aviation demand is resilient despite global tensions: Noida airport CEO

SOLID FOOTING. India's aviation growth remains strong despite geopolitical challenges, confirms Schnellmann

Rohit Vaid
New Delhi

India's aviation growth story remains intact despite ongoing geopolitical disruptions, Noida International Airport (NIA) Chief Executive Officer Christoph Schnellmann told *businessline*.

Schnellmann spoke to *businessline* just before the inauguration of India's newest mega airport at the Jewar township in the Greater Noida area.

"We believe in India's aviation growth story," he said, adding that the investment in the project reflects confidence in the sector's long-term potential.

Noida International Airport CEO Christoph Schnellmann

GROWTH TRAJECTORY

Besides, Schnellmann noted that the airport's completion underscores this growth trajectory and emphasised that the West Asia crisis is a temporary disruption that will not impact India's aviation growth, much like Covid and the earlier supply chain challenges did not derail the sector.

Looking ahead to operations, Schnellmann said the airport will move swiftly to complete the remaining regulatory processes after the inauguration. "We are looking forward to a grand inauguration," he said.

"After approval of the Airport Security Programme, it will take around 30-45 days for the first domestic flight to take off. International flights are expected to start a couple of months after the launch of domestic operations," he added.

Notably, Prime Minister Narendra Modi is expected to inaugurate the greenfield airport in Greater Noida on March 28, marking a milestone for the project, which faced multiple delays.

SECURITY CLEARANCE

The inauguration follows the airport securing security clearance from the Bureau of Civil Aviation Security (BCAS) and an aerodrome licence from the Directorate General of Civil Aviation (DGCA).

After the approval of the Aerodrome Security Programme, operational readiness will involve finalising airline networks, route planning and slot approvals in coordination with the DGCA and other stakeholders.

SLOT ALLOTMENT

Once slots are allocated, airlines are expected to begin commercial preparations, including opening bookings and initiating customer outreach ahead of launch.

In terms of airline partnerships, IndiGo is set to be the launch carrier at the airport, while Akasa Air plans to operate both domestic and international services. Air India Express is also expected to commence operations.

Further, discussions are under way with other Indian carriers, while several international airlines have expressed interest in operating from the airport.

CONNECTIVITY OPTION

On the ground, the airport is preparing multiple connectivity options, including intercity and long-haul bus services, airport taxis and app-based cab aggregators, supported by traffic management systems.

Earlier this month, the Union Cabinet approved the construction of a greenfield connectivity corridor linking the international airport with the Faridabad-Ballabhgarh-Sohna spur of the Delhi-Mumbai Expressway at a revised cost of ₹3,631 crore.

Long-term connectivity plans include a proposed Regional Rapid Transit System link and a high-speed rail corridor between Delhi and Varanasi, with a stop at the airport.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 27 MARCH 2026

जेवर एयरपोर्ट का कल उद्घाटन करेंगे मोदी

बीएस संवाददाता
लखनऊ, 26 मार्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े जेवर अंतरर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का शनिवार को उद्घाटन करेंगे। जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हर साल सात करोड़ यात्री सफर कर सकेंगे जबकि इसकी क्षमता 10 लाख टन कार्गो हैंडलिंग की होगी। इस एयरपोर्ट के संचालन से दिल्ली का दबाव कम होगा और उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के लिए विदेशों में माल भेजना आसान हो जाएगा।

औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बड़ी कार्गो हैंडलिंग क्षमता के साथ यह एयरपोर्ट प्रदेश के कृषि, एमएसएमई और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को नई गति देगा। यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, वृंदावन और वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक शहरों को वैश्विक पर्यटन सर्किट से जोड़ेगा। इससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के चलते धार्मिक पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म और बिजनेस ट्रैवल को भी नई गति मिलेगी।

अधिकारियों के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट के विकास के साथ उत्तर प्रदेश में रियल एस्टेट और औद्योगिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) तेजी से प्रीमियम निवेश और औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेंगे, वहीं बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा-वृंदावन तक अर्बन एक्सपेंशन कॉरिडोर विकसित होकर नए शहरों और टाउनशिप को जन्म देगा। एयरपोर्ट के आसपास होटल, वेयरहाउस, ऑफिस स्पेस, लॉजिस्टिक्स पार्क और डेटा सेंटर में बड़े निवेश आकर्षित होंगे। इससे रोजगार व व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल विनिर्माण, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल जैसे निर्यात-उन्मुख उद्योगों को नई गति मिलेगी, जो इस क्षेत्र को मजबूत इंडस्ट्रियल और एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 27 MARCH 2026

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन कल पीएम करेंगे

नई दिल्ली | पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को जेवर (गौतम बुद्ध नगर) में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। 11,200 करोड़ रु. से बना यह देश का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट है। शुरुआत में इसकी क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी, जिसे 7 करोड़ तक बढ़ा सकेंगे। शनिवार दोपहर 12 बजे उद्घाटन के बाद पीएम जनसभा भी संबोधित करेंगे। दिल्ली-एनसीआर का यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा।

DAINIK BHASKAR DELHI 27 MARCH 2026

नवी मुंबई एयरपोर्ट ने 30 रूट जोड़े, 46 शहर जुड़ेंगे

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एमएनआईए) ने पहला समर शेड्यूल जारी करते हुए 30 नए रूट जोड़ने का फैसला लिया है। एयरपोर्ट अब दिल्ली, गोवा, बेंगलुरु, कोच्चि, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, वाराणसी और इंदौर जैसे 46 घरेलू शहरों से सीधे जुड़ जाएगा। उड़ानों की संख्या बढ़ने से क्षेत्र के यात्रियों को इन शहरों के लिए ज्यादा विकल्प मिलेंगे। धार्मिक और व्यावसायिक यात्रा करने वाले लोगों को इस नए हवाई नेटवर्क का सीधा लाभ मिलेगा। यह नया शेड्यूल 29 मार्च से प्रभावी होगा। 24 अक्टूबर तक लागू रहेगा। दिल्ली और बेंगलुरु जैसे रूट पर उड़ानों की फ्रीक्वेंसी सबसे अधिक रखी गई है। इससे आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

DESHBANDHU DELHI 27 MARCH 2026

नोएडा एयरपोर्ट उद्घाटन : मालवाहक वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद

नोएडा, 26 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ को लेकर शनिवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे पर विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वीवीआईपी, वीआईपी और आम लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।

इस दौरान नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे और कार्यक्रम स्थल के आसपास भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहन नहीं चल सकेंगे। केवल एंबुलेंस, दमकल और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी।

मेरठ और गाजियाबाद से आने वाले वाहनों का रास्ता

मेरठ और गाजियाबाद से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से सिरसा टोल होकर दाढ़ा गोलचक्कर, सुपरटेक गोलचक्कर, नट मढ़ैया, होंडा सीएल चौक और पुस्ता तिराहा होते हुए गलगोटिया विश्वविद्यालय के सामने से डबल सर्विस रोड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। ये वाहन पार्किंग पी-7 और गाजियाबाद के वाहन पी-6 में पार्क होंगे।

मथुरा और अलीगढ़ से आने वाले वाहन

मथुरा और अलीगढ़ की ओर से आने वाले वाहन यमुना एक्सप्रेस-वे से जेवर टोल पार कर जेवर कट से उतरकर सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट के जरिए एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। मथुरा के लिए पी-05 और अलीगढ़ के लिए पी-9 व पी-11 तय की गई है।

हापुड़ और बुलंदशहर के लिए मार्ग

हापुड़ और बुलंदशहर से आने वाले वाहन जेवर-खुर्जा मार्ग से ग्राम थोरा से मुड़कर परोही गेट से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। हापुड़ के वाहन पी-14 और बुलंदशहर के वाहन पी-13 में पार्क किए जाएंगे।

वीवीआईपी और वीआईपी के लिए अलग व्यवस्था

अतिविशिष्ट और विशिष्ट अतिथि यमुना एक्सप्रेस-वे के 32 किमी माइलस्टोन पर बने इंटरचेंज से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। इनके वाहन पी-1, पी-2 और पी-3 में पार्क होंगे, जहां से शटल बसों के जरिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा।

मीडिया कर्मियों के लिए रास्ता

मीडिया कर्मियों के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश करेंगे और अपने वाहन पी-8 पार्किंग में खड़े करेंगे। पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पी-10 पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे। वहीं प्रशासनिक बसें दयानतपुर मार्ग से होकर पी-15 पार्किंग तक पहुंचेंगी।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा से आने वालों के लिए मार्ग

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहन गलगोटिया कट, एक्सपोमार्ट गोलचक्कर, एनएसजी गोलचक्कर और पुस्ता तिराहा होते हुए दयानतपुर इंटरचेंज के पास बने अस्थाई गेट से प्रवेश करेंगे। इनके वाहन पी-7 में पार्क होंगे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सूरजपुर से आने वाले वाहन

ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सूरजपुर से आने वाले वाहन परीचौक, पी-3 गोलचक्कर, होंडा सीएल चौक और पुस्ता तिराहा से होकर दयानतपुर इंटरचेंज के पास बने अस्थाई गेट से प्रवेश करेंगे। इनके वाहन पी-7 पार्किंग स्थल निर्धारित है।

वहीं जेवर कस्बे से आने वाले वाहन सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट के जरिए एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। इनके लिए पी-12 पार्किंग तय की गई है। दोपहिया और हल्के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पी-04 पार्किंग में अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

बाहरी जिलों के मालवाहक वाहनों के लिए डायवर्जन

कार्यक्रम के दौरान कई मार्गों पर मालवाहक वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। गोपालगढ़ से जेवर जाने वाले वाहन टप्पल की ओर भेजे जाएंगे। खुर्जा से जेवर आने वाले कमर्शियल वाहन खुर्जा से ही डायवर्ट होंगे। सिकंदराबाद और काकोड से आने वाले वाहन चचुरा नहर पुल से खैलरी की ओर भेजे जाएंगे। आगरा से आने वाले वाहन जेवर टोल से पहले यू-टर्न लेकर अलीगढ़-टप्पल मार्ग से जाएंगे।

नोएडा एक्सपोर्ट को मिलेगी सीधी उड़ान, 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी

- अमेरिका, यूरोप और खाड़ी देशों तक आसान होगा व्यापार
- वेस्ट यूपी समेत उत्तराखंड, हरियाणा को भी फायदा

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने के साथ ही गौतमबुद्धनगर की अर्थव्यवस्था में तेज उछाल आने की संभावना है। एक्सपर्ट के अनुसार अगले पांच सालों में जिले की आर्थिक गतिविधियों में लगभग 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। वर्तमान में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी से करीब 94,272 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट विदेशी बाजारों में होता है। जिसमें लगभग 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट हवाई मार्ग से है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद उद्योगों और व्यापारियों को सीधे वैश्विक बाजारों से कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे एक्सपोर्ट और निवेश दोनों बढ़ेंगे। एयरपोर्ट चालू होने के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। यहां से निर्यात मुख्य रूप से अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, यूके, नीदरलैंड, यूएई, सऊदी अरब, सिंगापुर, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में होता है। इसके अलावा देश के प्रमुख शहरों मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद समेत करीब 45 शहरों से हवाई कार्गो कनेक्टिविटी स्थापित होने की संभावना है। बता दे जेवर एयरपोर्ट को उत्तर भारत का बड़ा एयर कार्गो और लॉजिस्टिक हब होगा।

राज्य सरकार ने यहां अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और एयर कैटरिंग यूनिट विकसित करने के लिए करीब 4,458 करोड़ रुपए के निवेश का समझौता किया है। यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और कृषि उत्पादों के निर्यात को गति देगी। शुरुआती चरण में कार्गो क्षमता एक लाख टन से अधिक रहने की संभावना है, जिसे भविष्य में मांग के अनुसार बढ़ाया जाएगा। वहीं, एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद केवल नोएडा-ग्रेटर नोएडा ही नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड के उद्योगों का भी बड़ा हिस्सा यहां से निर्यात करना शुरू करेगा। अनुमान है कि अगले दो से तीन सालों में करीब 15 से 20 प्रतिशत एयर निर्यात जेवर एयरपोर्ट पर शिफ्ट हो सकता है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहले से ही उत्तर भारत का सबसे बड़ा अपैरल निर्यात हब माने जाते हैं। इसे ओडीओपी में भी शामिल किया गया है। यहां से अभी करीब 55 हजार करोड़ रुपए का रेडीमेड गारमेंट्स निर्यात होता है। यमुना सिटी में 175 एकड़ में नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर विकसित किया जा रहा है, जहां करीब 150 से अधिक वस्त्र उद्योग स्थापित होंगे। इसके बाद आगामी वर्षों में अपैरल निर्यात 55 हजार करोड़ से बढ़कर लगभग 90 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 27 MARCH 2026

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्रांति का इंजन

■ देवेंद्र सिंह

ग्रेटर नोएडा, 26 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में नई उड़ान भरेगी। यह एयरपोर्ट न सिर्फ यात्री सुविधा बल्कि मल्टी-मॉडल कार्गो हब के रूप में परंपरागत खेती पर आधारित किसानों की किस्मत बदलने वाला गेम चेंजर साबित होगा। अनुमान है कि इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में 15 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है, जबकि कृषि निर्यात और किसानों की आय में उल्लेखनीय सुधार होगा।

■ जेवर एयरपोर्ट से परंपरागत खेती को विश्व बाजार का सहारा
■ किसानों की आय में 20-30 प्रतिशत की संभावित वृद्धि
■ कार्गो हब से फल-सब्जी-डेयरी निर्यात में उछाल

परंपरागत खेती को मिलेगा नया आयाम : फार्म-टू-ग्लोबल मार्केट मॉडल

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की परंपरागत खेती मुख्य रूप से गन्ना, गेहूं, आलू, प्याज, आम, सब्जियां, फूल और डेयरी उत्पादों पर निर्भर है। इनमें से अधिकांश पेरिशेबल (जल्द खराब होने वाले) उत्पाद हैं, जिन्हें पहले सड़क या रेल मार्ग से भेजने में काफी समय लगता था और पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस (फसल कटाई के बाद नुकसान) 20-40 प्रतिशत तक पहुंच जाता था। जेवर एयरपोर्ट के कार्गो हब से यह समस्या हल हो जाएगी। यहां कोल्ड चेन सुविधा, पैक हाउस और गामा इरेडिएशन यूनिट के साथ एग्री-एक्सपोर्ट हब (50 एकड़ का प्रस्तावित हब) बनाया जा रहा है। इससे किसान सीधे मिडिल ईस्ट, यूरोप, रूस और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अपने उत्पाद पहुंचा सकेंगे। यीडा (यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी) के प्लान के तहत यह हब फल, सब्जी, प्रोसेस्ड फूड और डेयरी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देगा।

एयर इंडिया एसएटीएस द्वारा विकसित 30 एकड़ के मल्टी-मॉडल कार्गो हब में प्रारंभिक

क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक होगी, जो बाद में 25 लाख टन तक बढ़ाई जा सकेगी। इससे किसानों को बेहतर कीमत मिलेगी, क्योंकि ट्रांजिट टाइम कम होने से उत्पाद ताजा रहेंगे और लॉजिस्टिक्स खर्च घटेगा।

कार्गो सुविधा से किसानों की आय में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा जैसे जिलों के किसान अब अपने आम, आलू, फूल और दूध उत्पादों को सीधे विदेश भेज सकेंगे। पहले इन उत्पादों को दिल्ली एयरपोर्ट या मुंबई/दिल्ली पोर्ट तक ले जाना पड़ता था, जिससे समय और लागत दोनों बढ़ जाती थी।

पश्चिमी यूपी के 8-10 जिलों का नया चेहरा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रभाव मुख्य रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 8-10 जिलों पर पड़ेगा। इनमें गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, मेरठ, गाजियाबाद, हाथरस, मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं।

प्रत्यक्ष प्रभाव : गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर जैसे निकटवर्ती जिलों में औद्योगिक विकास, रियल एस्टेट और रोजगार में उछाल।

अप्रत्यक्ष प्रभाव : मेरठ, अलीगढ़ और मथुरा-वृंदावन जैसे पर्यटन-कृषि क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी से निर्यात और पर्यटन दोनों बढ़ेंगे।

कुल मिलाकर, यूपी-एनसीआर बेल्ट की 10 जिलों की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।

प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की सुविधा से छोटे किसान भी निर्यातक बन सकेंगे

सरकार का प्लान है कि इससे न सिर्फ कृषि उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री भी विकसित होगी। एयर इंडिया एसएटीएस का 4,458 करोड़ रुपए का निवेश कार्गो कैंपस और एयर कैटरिंग किचन में हो रहा है, जो कृषि-आधारित उद्योगों को और मजबूती देगा।

पश्चिमी यूपी बनेगा नॉर्थ इंडिया का लॉजिस्टिक्स हब

एयरपोर्ट का कार्गो टर्मिनल इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और कृषि उत्पादों के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे क्षेत्र की सप्लाई चेन दक्षता बढ़ेगी और यूपी भारत के एक्सपोर्ट इकोनॉमी में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

पहले चरण में 1.2 करोड़ यात्री क्षमता के साथ कार्गो सेवाएं भी शुरू होंगी। विशेषज्ञों के अनुसार, यह एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी, हरियाणा और राजस्थान के किसानों-व्यापारियों को सीधा लाभ पहुंचाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे और प्रस्तावित ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी कॉरिडोर से लॉजिस्टिक्स और तेज होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सिर्फ एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, व्यापारियों और युवाओं के लिए आर्थिक विकास का नया द्वार है। परंपरागत खेती अब वैश्विक बाजार से जुड़कर नई ऊंचाइयों को छू सकेगी। 28 मार्च को प्रस्तावित उद्घाटन के साथ यह सपना हकीकत बनने जा रहा है, जो यूपी को 'वन स्टेट, फाइव इंटरनेशनल एयरपोर्ट' वाला देश का पहला राज्य बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 27 MARCH 2026

जेवर एयरपोर्ट इफेक्ट

2027 तक प्रॉपर्टी कीमतों में 28 फीसदी उछाल संभव

■ स्क्वायर याड्‌र्स रिपोर्ट : यमुना एक्सप्रेस वे कॉरिडोर बन रहा एनसीआर का नया रियल एस्टेट हॉटस्पॉट

ग्रेटर नोएडा, 26 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में रियल एस्टेट बाजार में तेज उछाल देखने को मिल रहा है। ऑनलाइन प्रॉपटेक कंपनी स्क्वायर याड्‌र्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2027 तक इस क्षेत्र में प्लॉट की कीमतों में लगभग 28 फीसदी और अपार्टमेंट की कीमतों में करीब 22 फीसदी तक बढ़ोतरी की संभावना है।

पिछले पांच साल में तेज उछाल

'रनवे टू रियल्टी : कैसे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रियल एस्टेट को नया रूप दे रहा है' शीर्षक वाली रिपोर्ट बताती है कि 2020 से 2025 के बीच यमुना एक्सप्रेस वे कॉरिडोर के आसपास हाउसिंग मार्केट में उल्लेखनीय तेजी आई है।

अपार्टमेंट की कीमतें लगभग तीन गुना तक बढ़ीं, प्लॉट की कीमतों में औसतन 1.5 गुना वृद्धि, कुछ माइक्रो-मार्केट में 5 गुना तक उछाल। यह बढ़ोत्तरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेशकों के बढ़ते भरोसे का संकेत मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 मार्च 2026 को उद्घाटन के लिए तैयार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल है। अपने अंतिम चरण में यह एयरपोर्ट सालाना लगभग 225 मिलियन यात्रियों की क्षमता वाला एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

एयरोट्रोपोलिस मॉडल से बदलेगा क्षेत्र का स्वरूप

रिपोर्ट के अनुसार, जेवर क्षेत्र को एयरोट्रोपोलिस (एयरपोर्ट आधारित शहर) मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जो वाणिज्यिक, औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स और आवासीय क्षेत्रों को एकीकृत करेगा। यह मॉडल नीदरलैंड के सिचफिल एयरपोर्ट जैसे वैश्विक उदाहरणों से प्रेरित है।

रियल एस्टेट में संरचनात्मक बदलाव

स्क्वायर याड्‌र्स के फाउंडर और सीईओ तनुज शोरी के अनुसार, नोएडा का रियल एस्टेट बाजार अब स्थानीय जरूरतों से आगे बढ़कर वैश्विक निवेश के नजरिये से विकसित हो रहा है। वहीं रिसर्च एंड इनसाइट्स की वाइस प्रेसिडेंट सुनीता मिश्रा का कहना है कि एयरपोर्ट प्रोजेक्ट की प्रगति ने बाजार की धारणा को बदल दिया है और डेवलपर्स तेजी से नए प्रोजेक्ट लॉन्च कर रहे हैं।

निवेश का उभरता केंद्र बनेगा यमुना एक्सप्रेस वे

रिपोर्ट के मुताबिक, बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक क्लस्टर, लॉजिस्टिक्स हब और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के कारण यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र आने वाले वर्षों में एनसीआर का प्रमुख निवेश गंतव्य बन सकता है।

कुल मिलाकर, जेवर एयरपोर्ट के संचालन के साथ ही इस क्षेत्र में रियल एस्टेट विकास का नया दौर शुरू होने की संभावना जताई गई है, जिससे नोएडा और आसपास के इलाकों की आर्थिक गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिल सकता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 27 MARCH 2026

एयरपोर्ट से विकास व राष्ट्र निर्माण 2047 विकसित भारत की ओर होगा अग्रसर : पंकज चौधरी

ग्रेटर नोएडा, 26 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एयरपोर्ट पर व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई, बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कुंवर बृजेश सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डॉ. महेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री ठाकुर हरीश सिंह, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी श्रीचन्द शर्मा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, विधायक तेजपाल नागर एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है, जिसका उद्घाटन विश्व के सबसे बड़े नेता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे, उद्घाटन समारोह के साथ एक विशाल ऐतिहासिक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

यह ऐतिहासिक अवसर देश प्रदेश और क्षेत्र के विकास की दिशा में एक नई ऊर्जा और संकल्प का प्रतीक होगा। एयरपोर्ट के संचालन से विदेशी निवेश बढ़ेगा लोगों को रोजगार मिलेगा। इस एयरपोर्ट से विकास व राष्ट्र निर्माण 2047 विकसित भारत की ओर अग्रसर होगा। हम सब कार्यकर्ताओं को सभी के साथ समन्वय कर कार्यक्रम को व्यवस्थित सफल एवं भव्य बनाना है जनसभा में शामिल होने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो और ऐतिहासिक जनसभा के साथ आगामी प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक बड़ा मंच तैयार करना। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि जनसभा में लोग बसों से आएंगे बसे 9-30 बजे तक पहुंच जाए, उसके लिए बस प्रमुख बस प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित करे जनसभा को हम सभी कार्यकर्ताओं ने जनता के साथ मिलकर दिव्य व भव्य आयोजन करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान बुलंदशहर अध्यक्ष विकास चौहान, आशीष वत्स, प्रणीत भाटी, वीरेन्द्र भाटी, धर्मेन्द्र भाटी, धर्मन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, अरुण प्रधान, विकास चौधरी, कर्मवीर आर्य, देवा भाटी, मनोज चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 27 MARCH 2026

वायुसेना ने किया पूर्वाभ्यास, सीएम करेंगे व्यवस्थाओं की समीक्षा, प्रशासन सतर्क

- 28 मार्च को इतिहास रचेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- पीएम करेंगे लोकार्पण, तैयारियां अंतिम चरण में

ग्रेटर नोएडा, 26 मार्च (देशबन्धु)। बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। प्रशासनिक अधिकारी दिन-रात एयरपोर्ट परिसर में मौजूद रहकर हर व्यवस्था को समयबद्ध पूरा कराने में जुटे हैं। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सुरक्षा, यातायात, जनसभा स्थल और वीवीआईपी प्रोटोकॉल से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

28 मार्च सुबह 11:30 बजे पीएम करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को सुबह लगभग 11:30 बजे एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का निरीक्षण करने के बाद इसका औपचारिक लोकार्पण करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।

वायुसेना के विमानों ने किया ट्रायल रन

गुरुवार को एयरपोर्ट परिसर में भारतीय वायुसेना के विमान उतरे और उन्होंने पूर्वाभ्यास किया। पायलटों और सुरक्षा एजेंसियों ने लैंडिंग एरिया, जनसभा स्थल और आसपास के माहौल का जायजा लिया। यह अभ्यास प्रधानमंत्री के आगमन से पहले सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्थाओं को परखने के लिए किया गया।

सीएम योगी शुक्रवार शाम कर सकते हैं समीक्षा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ शुक्रवार शाम ग्रेटर नोएडा पहुंच सकते हैं। वह एयरपोर्ट साइट का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। संभावना है कि मुख्यमंत्री का रात्रि प्रवास गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में हो सकता है।

अधिकारियों ने संभाली कमान, रात में भी चल रही बैठकें

जिलाधिकारी मेधा रूपम, यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह तथा नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया लगातार तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। देर रात तक एयरपोर्ट सभागार में बैठकों का दौर जारी है, ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। डीएम ने स्वयं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कर रहे निगरानी

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह भी एयरपोर्ट परिसर में डेरा डाले हुए हैं। वह क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक कर जनसभा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

सुरक्षा, यातायात और जनसुविधाओं पर विशेष फोकस

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यातायात प्रबंधन, पार्किंग, मंच निर्माण, जनसभा स्थल की सजावट और आम जनता की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारी दी गई है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण क्षेत्र के विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करने वाला माना जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित और यादगार बने।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 27 MARCH 2026

नोएडा एयरपोर्ट का कल लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

जासं, जेवर: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को सुबह करीब 11:30 बजे जेवर स्थित नोएडा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। लोकार्पण के बाद पीएम जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें गौतमबुद्ध नगर सहित आसपास के सात जिलों से करीब दो लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है।

मोदी हेलीपैड से सीधे यात्री टर्मिनल बिल्डिंग में प्रवेश करेंगे। फिर छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद टर्मिनल बिल्डिंग में ऊपर बनी पद्मश्री से सम्मानित चित्रकार परेश मैती की 100 फीट चौड़ी पेंटिंग का अनावरण करेंगे। टर्मिनल भ्रमण के बाद टर्मिनल बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर बने मंच पर पहुंचकर एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। पहले चरण में 2027 तक 1.2 करोड़ यात्री क्षमता के साथ यह एयरपोर्ट काम करेगा। संबंधित >> पेज 6

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 27 MARCH 2026

विकास की नई उड़ान को तैयार नोएडा एयरपोर्ट

एक रनवे के साथ शुरू होगा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट, पांच हजार हेक्टेयर क्षेत्र में है फैला

7 करोड़ प्रति वर्ष यात्रियों को सेवा देगा दो रनवे संग, कैट तीन व कोड एफ एयरपोर्ट की खासियत

4100 मीटर का दूसरा रनवे पहले रनवे के समानांतर बनाया जाएगा

38 मीटर ऊंचा आठ मंजिला बनाया गया है एयरपोर्ट के एटीसी टावर को

10.8 मेगावाट का पवन ऊर्जा व 13 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा: एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। दो स्टेज में विकसित होने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली स्टेज चार चरण में है। चारों चरण 2040 तक पूरा होने के साथ एयरपोर्ट से प्रति वर्ष सात करोड़ यात्री भारत के विभिन्न शहरों और दुनिया के सैकड़ों देशों के लिए सफर करेंगे। नोएडा एयरपोर्ट की दूसरी स्टेज पूरी होने के साथ यह एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट के तौर पर अपनी पहचान स्थापित कर लेगा। पांचों रनवे के साथ इसकी यात्री क्षमता 22.50 करोड़ यात्री प्रति वर्ष हो जाएगी। शून्य कार्बन उत्सर्जन एयरपोर्ट के लिए नोएडा एयरपोर्ट अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा जरूरत को सौर व पवन ऊर्जा से पूरी करेगा। पांच हजार हेक्टेयर में फैले एविएशन हब की पहली स्टेज 1334 हेक्टेयर में विकसित हुई है। पहले रनवे के साथ इसकी शुरुआत होने जा रही है। कैट तीन और कोड एफ नोएडा एयरपोर्ट की कई खासियत हैं। नोएडा एयरपोर्ट का पहला रनवे 3900 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा है। इस पर विमान दोनों साइड से टेकआफ और लैंडिंग कर सकते हैं। एयरपोर्ट पर 10 एयरोब्रिज हैं। एयरपोर्ट पर यात्रियों को बोर्डिंग करने में कम से कम समय लगेगा। दूसरा रनवे 4100 मीटर का पहले रनवे के समानांतर होगा। एयरपोर्ट के एटीसी टावर को 38 मीटर ऊंचा आठ मंजिला बनाया गया है। नोएडा एयरपोर्ट शून्य कार्बन उत्सर्जन एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया गया है।

एयरपोर्ट परिसर में वाहनों का कार्बन उत्सर्जन शून्य रखने के लिए केवल ईवी का ही संचालन होगा। एयरपोर्ट की कुल ऊर्जा जरूरत का 50 प्रतिशत सौर व पवन ऊर्जा से पूरा किया जाएगा। टाटा पावर ने एयरपोर्ट परिसर में 10.8 मेगावाट क्षमता का पवन ऊर्जा और 13 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बने टर्मिनल की बिल्डिंग ● जागरण

वर्ष 2070 तक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पांचों रनवे कर लिए जाएंगे तैयार

एयरपोर्ट चार चरण में बनना है। पहले चरण में 2027 तक 1.2 करोड़ यात्री क्षमता के साथ एयरपोर्ट काम करेगा। 80 प्रतिशत यात्री क्षमता पूरी होने पर दूसरा चरण होगा। 2032 तक 3 करोड़ यात्री क्षमता हो जाएगी। 2037 तक पांच करोड़ यात्री क्षमता और 2040 तक 7 करोड़ यात्री क्षमता होगी। डीपीआर में चरण में एयरपोर्ट की कुल लागत 29561 आंकी गई थी। 2042 के बाद तीसरे रनवे का निर्माण शुरू होगा। 2070 तक एयरपोर्ट के पांचों रनवे तैयार हो जाएंगे। इसके साथ ही यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन जाएगा और इसकी यात्री क्षमता 22.5 करोड़ यात्री प्रति वर्ष हो जाएगी।

कैट तीन और कोड एफ

नोएडा एयरपोर्ट कैट तीन व कोड एफ कैटेगरी का है। यानि बड़े से बड़े और भारी एयरक्राफ्ट आसानी से उतर और उड़ान भर सकते है। बोइंग और एयरबस जैसे एयरक्राफ्ट को संभालने के लिए पूरी तरह सक्षम है। कैट तीन से लैस होने के कारण बेहद कम दृश्यता या प्रतिकूल मौसम में भी आसानी से विमान उतर व उड़ान भर सकेंगे।

सड़क व रेल कनेक्टविटी

देश में पहला ऐसा एयरपोर्ट है जिसकी सड़क और रेल कनेक्टिविटी है। नोएडा एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेसवे संग गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे, ईपीई के अलावा नमो भारत रैपिड रेल, दिल्ली वाराणसी हाई स्पीड रेल के अलावा अर्बिटल रेल और रुंधी से चोला के बीच प्रस्तावित नए रेलवे लिंक से जुड़ा होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 26 MARCH 2026

100 नए एयरपोर्ट और 200 हेलीपैड के लिए सरकार ने खोला खजाना

मोदी कैबिनेट

जागरण ब्यूरो, नई दिल्लीः दूरदराज के गांव, पहाड़ी इलाके और देश के दूरस्थ द्वीपों को अब हवाई सफर से सीधे जोड़ने की एक बड़ी योजना रफ्तार पकड़ने जा रही है। इस योजना से आम नागरिक को सस्ती और आसान हवाई यात्रा मिलेगी, टियर-2 और टियर-3 शहरों में पर्यटन व व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी। सरकार ने इस बड़े बदलाव के लिए 28,840 करोड़ रुपये का भारी निवेश करने का फैसला किया है। इसके तहत 100 नए हवाई अड्डे और 200 हेलीपैड विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने बुधवार को संशोधित उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना को मंजूरी दे दी। यह नई योजना अगले 10 वर्षों (2026-27 से 2035-36) में देश की क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को पूरी तरह बदलने वाली है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को बताया कि इन हवाई अड्डों के विकास के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से लगभग 12,159 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस नई योजना के तहत देशभर में 100 नए हवाई अड्डे विकसित किए जाएंगे। इनमें बहुत से हवाई अड्डे उन एयरस्ट्रिप पर बनेंगे जो लंबे समय से अनुपयोगी पड़े हुए हैं। योजना में 200 आधुनिक हेलीपैड बनाने का भी प्रविधान है, खासकर प्राथमिकता वाले और आकांक्षी जिलों में। प्रत्येक हेलीपैड पर औसतन 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सरकार ने तय किए नए लक्ष्य

जाब्यू, नई दिल्लीः जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और वैश्विक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए देश ने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के नए लक्ष्य को मंजूरी दी है। इसके तहत 2035 तक देश में 400 करोड़ टन कार्बन सिंक का निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही उत्सर्जन तीव्रता को भी 2035 तक 2005 की जीडीपी की तुलना में 47 प्रतिशत कम करने और 60 प्रतिशत अपनी ऊर्जा मांग को भी गैर-जीवाश्म ईंधन से पूरा करने का संकल्प लिया है। कार्बन सिंक प्राकृतिक या कृत्रिम उपाय है, जिसके जरिये वायुमंडल के कार्बन को अवशोषित किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में एनडीसी के नए लक्ष्यों को मंजूरी की गई है। साथ ही पिछले एनडीसी लक्ष्यों को लेकर हुई प्रगति को भी सराहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के तहत भारत ने 2031 से 2035 तक के लिए अपने नए लक्ष्य तय किए हैं।

THE ECONOMIC TIMES DELHI 27 MARCH 2026

Noida Realty Poised for Takeoff with Airport

Faizan Haidar

New Delhi: Opening of Noida International Airport is expected to draw multinational, local companies to the satellite city of the National Capital Region, boosting demand for Grade-A office space and luxury housing, experts said.

They project Grade-A office leasing in Noida to be 2-3 million sq ft annually—about a quarter of the Delhi-NCR activity—from this year, with multiple upcoming infrastructure projects that would improve connectivity with Gurugram and Delhi also stimulating demand.

"The residential market of select micro-markets of Noida, such as Yamuna Expressway, Greater Noida and localities along the Noida Expressway, stands to gain traction, especially in the middle-income and luxury segments," said Vimal Nadar, national director and head of research at Colliers India.

Noida has delivered nearly five times returns over the past six years in some of its micro-markets, driven by infrastructure expansion, policy support and rising user demand.

According to InvestoXpert Advisors, Yamuna Expressway has emerged as NCR's strongest real estate corridor, with prices of apartments rising 158% (₹3,950 to ₹10,200 per sq ft) during 2020–2025 and of plots surging 536% (₹1,650 to ₹10,500 per sq ft).

"With aviation-linked industries, logistics parks, data centres and Film City taking shape, the region is evolving into a residential and commercial hub," said Vishal Raheja, founder and managing director of InvestoXpert. "As the airport becomes operational, the market is shifting from speculative momentum to fundamentals-led growth, driven by industrial activity, logistics demand and job creation that strengthen absorption, rental yields and liquidity."

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 27 MARCH 2026

Jewar airport poised for takeoff, commercial flights from late April

Lower fuel tax, fresh capacity to shape airline network shifts

YARUQHULLAH KHAN
New Delhi, March 26

NOIDA INTERNATIONAL AIRPORT, which is scheduled to be inaugurated by Prime Minister Narendra Modi on March 28, will begin commercial operations in late April or early May, with airlines initially connecting the National Capital Region to key domestic destinations such as Mumbai, Bengaluru and Hyderabad before widening the network.

The ₹11,200 crore project, developed under a public-private partnership model, marks the first operational phase of what is positioned as a second aviation gateway for the Delhi region. While the formal launch takes place this week, airport executives said a short transition window will allow airlines to finalise schedules, deploy ground equipment and open bookings.

"This transition period allows airlines approximately 45 to 60 days to finalise flight schedules, move ground equipment, and open ticket bookings," a senior airport executive said.

The airport, developed by Yamuna International Airport, a subsidiary of Zurich Airport International AG, received its aerodrome licence from the Directorate General of Civil Aviation earlier this month, clearing a key regulatory milestone ahead of operations.

Initial traffic is expected to start with around 30 flights a day, scaling up to about 65 daily departures over the next few months. IndiGo, Akasa Air and Air India Express are among the early carriers that have confirmed plans to operate from the airport. Executives said the first phase will prioritise domestic routes, with cities such as Lucknow, Dehradun and Hubli also on the radar.

A view of the newly constructed Noida International Airport, ahead of its inauguration, on Thursday PTI

International operations will follow only after domestic services stabilise and the airport transitions to full 24-hour operations. "Domestic operations will initially focus on connecting the NCR to major cities...with additional routes planned," the executive said, adding that overseas routes such as Dubai and Singapore are under consideration at a later stage.

Built with an initial passenger capacity of 12 million annually, the airport is designed to scale up to 70 million passengers per year over subsequent phases.

The first phase includes a 3,900-metre runway capable of handling wide-body aircraft, along with modern navigation systems, including an instrument landing system, and advanced airfield lighting for all-weather, round-the-clock operations.

Beyond passenger traffic, the airport has been planned with a strong cargo focus. It includes a multi-modal cargo hub with an integrated terminal and logistics zones, designed to handle over 250,000 metric tonnes annually, expandable to 1.8 million metric tonnes. A dedicated 40-acre maintenance, repair and overhaul facility is also part of the ecosystem.

The project is being pitched as a cost-efficient alternative for airlines operating in the region. With aviation turbine fuel attracting about 4% VAT in Uttar Pradesh compared with 25% in Delhi, industry executives expect carriers to factor in fuel savings while allocating capacity. Given that fuel accounts for roughly 40% of airline operating costs, the differential could influence network strategies.

